आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 26.08.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से आगामी त्यौहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता देने और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।
- देहरादून में निकाली गई टपकेश्वर महादेव की शोभायात्रा। मुख्यमंत्री धामी हुए शामिल।
- हरिद्वार में खाद्य सुरक्षा विभाग का सघन निरीक्षण अभियान जारी। करीब दो कुंतल मिठाई और स्टार्च किया नष्ट।
- चमोली जिले के कर्णप्रयाग और पोखरी क्षेत्र में प्रस्तावित महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कीं।

**सशक्त बहना उत्सव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में 'सशक्त बहना उत्सव' के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों से स्थानीय उत्पादों की खरीददारी की। उन्होंने प्रदेशवासियों से आगामी त्यौहारों में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और हुनर की पहचान हैं। स्थानीय उत्पादों की खरीद से महिलाओं की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर उत्तराखंड व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**भाोभा यात्रा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के सहारनपुर चौक में टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। उन्होंने मंदिर के महंतों और टपकेश्वर सेवा दल के पदाधिकारियों के साथ पूजा–अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे आयोजन समाज में आस्था, एकता और सद्भाव मजबूत करने के साथ ही नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ते हैं।

**पेयजल परियोजना**

नैनीताल जिले में एशियाई विकास बैंक वित्त पोषित हल्द्वानी पेयजल परियोजना पैकेज–तीन के तहत नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के आठ वार्डों में 22 स्थानों पर फायर हाईड्रेंट स्थापित किए जाएंगे। उत्तराखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने ये जानदारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी और अग्निशमन विभाग के एक संयुक्त दल द्वारा हाल ही में वार्ड नम्बर 36 से वार्ड 43 तक का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद फायर हाईड्रेंट स्थापित करने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई हैं।

**एसआईआर**

विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने देहरादून में पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। टीम ने जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति जानी और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। टीम ने जिले में पारदर्शिता और गंभीरता के साथ संचालित किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की सराहना की। आयोग ने प्रारूप–7 की आपत्तियों का निष्पक्षता से निस्तारण और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने से पहले बीएलओ व बूथ लेवल एजेंट से क्रॉस–वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने को कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक 11 लाख 90 हजार 805 मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो

चुकी है और 5 लाख 47 हजार 617 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से करीब 90 प्रतिशत मामलों में सुनवाई पूरी हो चुकी है।

**खाद्य सुरक्षा**

गढ़वाल मण्डल के खाद्य सुरक्षा उपायुक्त, आर.एस रावत के नेतृत्व में अधिकारियों की टीमों ने हरिद्वार जिले के विभिन्न क्षेत्रों मिठाई निर्माण इकाइयों, पनीर यूनिट, डेयरियों और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि सोहलपुर, कलियर के पास एक मिठाई निर्माण इकाई में गंदे और जंग लगे कनस्तरों में करीब डेढ़ कुंतल रसगुल्ले, मिलावटी सामग्री और 40 किलो मिल्क केक मिला। मौके से तीन नमूने जांच के लिए लिए गए, जबकि शेष मिठाइयों और करीब दो कुंतल स्टार्च पाउडर को नष्ट कराया गया। इकाई को अग्रिम आदेश तक बंद कर खाद्य लाइसेंस निलंबित किया गया। वहीं, सिडकुल की पनीर यूनिट से संदिग्ध पनीर का नमूना प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया। टीम ने मायापुर, कनखल, रानीपुर मोड़ और ज्वालापुर में आठ डेयरियों, ढाबों और रेस्टोरेंट से घेवर, पतीसा, दूध, दही और पैक्ड ऑयल के पांच नमूने लिए गए।

**खनिज नीलामी**

चमोली जिले के कर्णप्रयाग और पोखरी क्षेत्र में प्रस्तावित महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गोपेश्वर में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी गौरव कुमार ने प्रस्तावित क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण और आगे की कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने  कहा कि प्रस्तावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए राजस्व, वन, सिंचाई, भूतत्व व खनिकर्म और आपदा प्रबंधन सहित संबंधित विभागों की संयुक्त समिति गठित की गई है। समिति को स्थलीय निरीक्षण कर जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नीलामी प्रक्रिया से जुड़ी अग्रिम कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूरी की जा सके। केंद्रीय खान मंत्रालय की खनिज ब्लॉक नीलामी प्रक्रिया के तहत कर्णप्रयाग और पोखरी क्षेत्रों को शामिल किया गया है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की राज्य इकाई देहरादून की ओर से किए गए अन्वेषण में इन क्षेत्रों में तांबा, सीसा और जस्ता के भंडार मिलने की जानकारी दी गई है।

**उद्योग मित्र बैठक**

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला उद्योग मित्र की बैठक हुई। बैठक में एकल खिड़की प्रणाली से प्राप्त आवेदनों और उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सभी आवेदनों का निस्तारण कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई आवेदन अनावश्यक लंबित न रहे और उद्यमियों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में मिनी औद्योगिक आस्थान बिण में औद्योगिक इकाइयों, फायर एनओसी और जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने आपसी समन्वय से समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। वहीं, जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक में उत्तराखंड निर्यात प्रोत्साहन नीति के प्रावधानों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने औषधीय और सगंध फसलों का उत्पादन बढ़ाने तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

**उद्यमिता प्रि"ाक्षण**

पौड़ी के बीजीआर परिसर में युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को व्यवसाय शुरू करने, पंजीकरण, बाजार की जरूरतों और उपलब्ध संसाधनों के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने युवाओं को सरकार की स्वरोजगार योजनाओं, ऋण, अनुदान और वित्तीय सहायता की जानकारी देते हुए स्थानीय उत्पादों, कृषि, पर्यटन, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र में उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

## प्रशिक्षण समापन

नई टिहरी में भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय वित्तीय समावेशन प्रशिक्षण का समापन हुआ। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों के 23 सदस्यों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और टूल किट वितरित किए गए। प्रशिक्षण में स्मार्ट बचत, ऋण, खर्च प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, बीमा और निवेश सहित बैंकिंग व वित्तीय सेवाओं के बेहतर उपयोग की जानकारी दी गई।